मध्यप्रदेश शासन
वन विभाग

# मध्यप्रदेश वनांचल संदेश

जनवरी–जून, 2020 (Covid-19 विशेषांक)

RNI Reference No. : 1322876 • Title Code : MPHIN34795 • Year : 04 • Edition : 14

# MADHYA PRADESH VANANCHAL SANDESH

January-June, 2020 (Covid-19 Exclusive)












माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का हरदा जिले के कृषकों से विश्व पर्यावरण दिवस, 5 जून पर संवाद




माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का मंडला जिले की ग्राम वन समिति से संवाद



माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का जीवन अमृत योजना के अंतर्गत लघुवनोपज संघ द्वारा काढ़े के वितरण विषय पर लोगों से संवाद

मध्यप्रदेश शासन
वन विभाग

# मध्यप्रदेश वनांचल संदेश

जनवरी–जून, 2020 (Covid-19 विशेषांक)

RNI Reference No. : 1322876 • Title Code : MPHIN34795 • Year : 04 • Edition : 14

# MADHYA PRADESH VANANCHAL SANDESH

January-June, 2020 (Covid-19 Exclusive)

## Patron :

***Dr. U. Prakasam(31/05/2020)***

Principal Chief Conservator of Forests (HOFF)

## Patron :

***Rajesh shrivastav (01/06/2020)to...***

Principal Chief Conservator of Forests (HOFF)

| ***Editorial Board :*** | ***Advisory Board :*** |
|---|---|
| ***S.K. Mandal (31/05/2020)***<br>Principal Chief Conservator of Forests (Research, Extension and Lok Vaniki) | ***Jagdeesh chandra***<br>(Retired Conservator of Forests) |
| ***Alok Kumar (01/06/2020) to...***<br>Principal Chief Conservator of Forests<br>(Research, Extension and Lok Vaniki) | ***A.K. Nagar***<br>(Retired Conservator of Forests) |
| ***Sanjay Shukla***<br>Additional Principal Chief Conservator of Forests<br>(Research, Extension and Lok Vaniki) | ***R.K. Dixit***<br>(Retired DCF) |
| ***H.S. Negi***<br>Additional Principal Chief Conservator of Forests (Wildlife) | ***A.K. Khare***<br>(Retired DCF) |
| ***Pushkar Singh***<br>Additional Principal Chief Conservator of Forests (Development) | |
| ***Chitranjan Tyagi***<br>Additional Principal Chief Conservator of Forests (JFM) | |
| ***Rajesh Kumar***<br>Additional Principal Chief Conservator of Forests (CAMPA) | |
| ***Atul Shrivastav***<br>Additional Principal Chief Conservator of Forests<br>(M.P.State Minor Forest Produce Trading & Development Co-operative Federation) | |
| ***Rakesh Yadav***<br>Additional Principal Chief Conservator of Forests<br>(Madhya Pradesh Rajya Van Vikas Nigam Limited) | |
| ***B.K. Dhar***<br>Prachar Adhikari (Samanvay) | |
| ***S.P. Jain***<br>DCF (Research, Extension and Lok Vaniki) | |

**Editor :**

***Dr. P.C. Dubey***

Principal Chief Conservator of Forests
(Production)

**Prachar Prasar Prakosth Team :**

Deepak Meshram

Gaurav Rajput



Published by : APCCF (R/E) on behalf of M.P. Forest Department
Printed by : Super Printers & Plastics Works on behalf of Madhya Pradesh Madhyam
Printed at : Super Printers & Plastics Works, Plot No. 22 Nadeem House, Press Complex Zone 1, M.P. Nagar, Bhopal
Published at Room No. 140, Prachar Prasar Prakosth, Satpura Bhavan, Bhopal, M.P.
E-mail : pracharprasarprakosth@mp.gov.in, Contact No. : 0755-2524293, Editor : Dr. P.C. Dubey, APPCF (R/E)

# इस बार के अंक में



12


अनुसंधान एवं विस्तार रोपणियों का श्रेणीकरण एवं मान्यता 01-11

ग्राम वन समिति, मनेरी, मंडला 12-15

Success Story of Barasingha Conservation at Kanha 16-17

प्राकृतिक सौंदर्य एवं वन्यप्राणियों की शरणस्थली कूनो राष्ट्रीय उद्यान 18-19

सीताफल बना बंधानी ग्राम के वनवासियों के आजीविका का प्रमुख आधार 20-22

हाट बाजार में पौधा विक्रय एक नवाचार 23-26

Vaniki sammelan 2020 27-29

कोविड-19 एवं विभिन्न वानिकी गतिविधियाँ

Covid-19 प्रभाव के समय मास्क तैयारी एवं रोपणी 30

Covid-19 समस्या एवं समाधान पौध तैयारी एवं रोपणी प्रबंधन 31

वन विभाग द्वारा विभिन्न नर्सरियों एवं वन क्षेत्रों में Covid-19 से सुरक्षा नियमों का पालन किया गया तथा खाद्य सामग्री वितरण किया गया। 32-34




30



32



42



45


- वनश्री महिला क्लब - कोरोना लॉकडाउन के समय विभाग के अधिकारियों को प्रोत्साहन संदेश देते हुए 37-39
- कोविड-19 विशेष 40-41
- अनुसंधान एवं विस्तार की रोपणियों में जल संचयन व्यवस्था 42-42
- भोपाल वन मंडल उड़नदस्ता दल द्वारा मगरमच्छ का रेस्क्यू 43-43
- वन विहार में वन्यप्राणियों की सुरक्षा हेतु COVID-19 की गाइडलाइन का पालन 44-44
- नवाचार
  - टिश्यू कल्चर तकनीक द्वारा सागौन, बांस एवं संकटापन्न पौधों की तैयारी 45-49
  - जैविक रोपणी प्रबंधन में गौशाला एक प्रयोग 50-54
- मध्यप्रदेश के वनों की दुर्लभ धरोहर 55-60
- नगरीय/नगरेत्तर क्षेत्रों हेतु प्राकृतिक वन की संकल्पना 61-65
- Churna Jungle Safari 66-69
- विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून 2020 के अवसर पर वृक्षारोपण 70-73
- घड़ियाल संरक्षण : अभिनव प्रयास एवं परिणाम 74-74
- मादा भालू का साहसिक उद्यम 75-79
- अखबारों के आइनों से 80-81
- भारतीय वन सेवा के अधिकारियों की पदोन्नति व सेवानिवृत्ति 82-82




67

# संपादकीय

प्रस्तुत कोविड–19 अंक जनवरी–जून, 2020 वनांचल संदेश एक विशेष अंक के रूप में याद किया जावेगा। सामान्यतः यह पत्रिका त्रैमासिक पत्रिका के रूप में प्रकाशित की जाती है, परन्तु जनवरी से मार्च माह 2020 का अंक कोविड–19 के कारण समय पर प्रकाशन हेतु अंतिम रूप नहीं ले सका। अत: इस अंक को छः माह जनवरी से जून 2020 के रूप में प्रकाशित किये जाने का निर्णय लिया गया।

आपको ज्ञात होगा कि फरवरी 2020 में वानिकी सम्मेलन का आयोजन हुआ था, जिसमें वानिकी से जुड़े चार महत्वपूर्ण विषयों पर विचार मंथन किया गया। वानिकी सम्मेलन के द्वितीय दिवस पर विभिन्न खेल–कूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ साथ ही वानिकी से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। इसी बीच कोविड–19 के व्यापक प्रभाव के कारण वन एवं वन्य प्राणी प्रबंधन, रोपण, पौध तैयारी, लघु वनोपज, अग्नि प्रकरण जैसे महत्वपूर्ण विषय भी एक चुनौती के रूप में विभाग के समक्ष आये। होम–टू–वर्क विभागीय गतिविधियों के संचालन में जुड़ा एक नया आयाम, साथ ही मैदानी अमले द्वारा क्षेत्र में क्षेत्रीय कार्य जिन्हें क्षेत्र में ही जाकर सम्पन्न करना तथा भारत सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा कोविड–19 के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए किया जाना एक चुनौती के रूप में सामने आया। इन विपरीत एवं चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा उत्कृष्ट कार्य किये गये तथा लगातार इन परिस्थितियों में सभी कार्य किये जा रहे है। इन सभी गतिविधियों का समावेश इस अंक में किया गया है। कोविड–19 की चुनौतियों के बीच वानिकी कार्यों के प्रस्तुतिकरण सम्पादन के रूप में इस अंक को लम्बे समय तक याद किया जायेगा।

शुभकामनाओं सहित ...



**(डॉ. पी.सी. दुबे)**
भा.व.से.
प्रधान मुख्य वन संरक्षक
उत्पादन
मध्यप्रदेश भोपाल

# अनुसंधान एवं विस्तार रोपणियों का श्रेणीकरण एवं मान्यता

**(Nursery Gradation & Accreditation)**

**विश्वसनीयता की ओर बढ़ते कदम ...**

## अनुसंधान एवं विस्तार वृत्त -

**परिचय –** सुदृढ़ पौध द्वारा वनों की उत्पादकता वृद्धि, सामुदायिक एवं निजी भूमि पर पौध रोपण तथा वानिकी विस्तार हेतु प्रत्येक कृषि जलवायु प्रक्षेत्र में क्रमशः बैतूल, भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर, झाबुआ, खंडवा, रतलाम, रीवा, सागर एवं सिवनी में अनुसंधान एवं विस्तार वृत्त की रोपणियां स्थापित हैं।

अनुसंधान एवं विस्तार वृत्त के अंतर्गत स्थित रोपणियों में ज्ञात बीज स्त्रोत द्वारा मानक गुणवत्ता के वानिकी, फलदार, औषधीय, लघु वनोपज, संकटापन्न, विलुप्तप्राय एवं आवश्यकतानुसार क्लोनल, ग्राटेड पौधे तैयार कर विभागीय वृक्षारोपण, शासकीय/अशासकीय विभागों, संस्थाओं एवं जनसामान्य को रोपण हेतु प्रदाय किये जाते हैं। पौध तैयारी के साथ–साथ वनों के महत्व एवं पारिस्थितिकीय सेवाओं के प्रचार–प्रसार, वन एवं पर्यावरण के विषय पर जागरूकता, कृषि वानिकी को बढ़ावा देने का कार्य किया जाता है।

## रोपणी श्रेणीकरण एवं मान्यता का उद्देश्य -

प्रदेश में स्थित रोपणियों में गुणवत्तायुक्त पौधों की उत्पादन क्षमता के आकलन हेतु रोपणी कार्यों से जुड़े 22 बिन्दुओं पर परीक्षण कर रोपणी श्रेणीकरण एवं मान्यता का कार्य वर्ष 2020 में सभी अनुसंधान एवं विस्तार में प्रारम्भ कराया गया। यह कार्य प्रदेश में स्थित रोपणियों हेतु प्रथम बार किया गया। प्रथम चरण में यह कार्य अनुसंधान एवं विस्तार स्तर पर स्वतः कराया गया एवं द्वितीय चरण में राज्य वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर द्वारा परीक्षण कराया जा रहा है।

रोपणी श्रेणीकरण एवं मान्यता का कार्य प्रतिवर्ष अनुसंधान एवं विस्तार द्वारा किया जावेगा तथा प्रत्येक 3 वर्ष के अन्तराल पर राज्य वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर संस्थान द्वारा रोपणियों का पुनः मूल्यांकन कराया जावेगा। रोपणी श्रेणीकरण एवं मान्यता कार्य के निम्न सकारात्मक परिणाम भविष्य में प्राप्त होंगे :

- रोपणी श्रेणीकरण एवं मान्यता से विभाग उत्कृष्ट पौधों, अन्य रोपण सामग्री की तैयारी एवं उपलब्धता पर प्रतिबद्धता का प्रदर्शन प्रभावी ढंग से कर सकेगा। (Demonstrate commitment to quality)
- विभिन्न अनुसंधान की इकाइयों में पदस्थ अधिकारी एवं कर्मचारियों को इस व्यवस्था द्वारा यह अवसर प्राप्त होगा कि वे अपने कार्यों को दक्षता के अनुरूप दायित्वों एवं आवश्यकताओं की पहचान एवं कार्यों को मूर्तरूप दे सकेंगे।
- रोपणी मान्यता एवं श्रेणीकरण द्वारा कर्मचारी अपनी प्रतिभा का अपनी क्षमता के अनुरूप बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे तथा मानक आकार एवं सुदृढ़ता के पौध नियमित रूप से तैयार कर पूर्ति कर सकेंगे। साथ ही उत्कृष्ट व्यवस्था स्थापित करने हेतु प्रयत्नशील रहेंगे एवं संसाधनों का तर्क पूर्ण उपयोग कर सकेंगे।
- उक्त व्यवस्था के परिणामस्वरूप पौध तैयारी एवं विस्तार कार्य में संलग्न कर्मचारी अपने दायित्वों के प्रति समर्पण एवं प्रतिबद्धता को निर्धारित मानकों के आधार पर दर्शा सकेंगे।
- उक्त व्यवस्था द्वारा विभाग अपने महत्व, निष्ठा, उपभोक्ता सेवायें तथा अपने निर्धारित लक्ष्यों की सर्वोत्कृष्ट तरीके से प्रदाय कर सकेगा।
- उक्त व्यवस्था द्वारा विभाग निर्धारित मानकों के पौधे तैयार कर उपभोक्ताओं में एक विश्वास का आश्वासन पैदा कर सकेगा।

- यह व्यवस्था एक इच्छित वस्तुसूचक, स्वत: मूल्यांकन, लगातार सुधार एवं प्रगति हेतु पथ प्रदर्शित करेगा।
- यह व्यवस्था एक प्रतिस्पर्धी, जवाबदेही, संसाधन संयोजन का अवसर प्रदान करती है। व्यवस्था हमारे उत्पाद के प्रति एक विश्वास स्थापित करती है कि विभिन्न सामग्रियों के उपयोग में पूरी पारदर्शिता एवं व्यावसायिकता का दृष्टिकोण रहा है।
- रोपणी श्रेणीकरण एवं मान्यता द्वारा विभाग अपने पौध तैयारी एवं विस्तार कार्यक्रमों को गति दे सकेगा साथ ही आमजन के बीच विश्वसनीयता स्थापित कर सकेगा।
- इस व्यवस्था द्वारा पौध एवं इससे जुड़ी सामग्री के विक्रय में बाधक तकनीकी खामियाँ दूर होंगी, जिससे हम विश्वसनीयता के साथ वन क्षेत्र एवं वन क्षेत्र के बाहर पौध उत्पाद एवं इससे जुड़ी रोपण सामग्री का विक्रय कर सकेंगे। पूरे सप्लाई चेन में एक विश्वास तथा गुणवत्ता की विश्वसनीयता बनी रहेगी।

## अधोसंरचना एवं नवाचार -

विगत वर्षों में रोपणियों में ज्ञात बीज स्त्रोतों से विभिन्न प्रकार के वानिकी एवं संकटापन्न प्रजातियों के उच्च गुणवत्ता के पौधों की तैयारी हेतु आवश्यक अधोसंरचना विकास में व्यापक सुधार किया गया है। रोपणियों को एक नया आयाम एवं आधुनिक स्वरूप देने की दृष्टि से प्रमुख रूप से निम्न कार्यों को कराया गया –

- मानक आकार के उत्कृष्ट एवं विविधता युक्त पौध तैयारी हेतु अधोसंरचना विकास
- वेल्यू एडेड वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन
- माइक्रो स्प्रिंकलर सिस्टम स्थापना
- सौर ऊर्जा के माध्यम से विद्युत उत्पादन
- रोपणियों में जल संचयन का कार्य
- पेय जल व्यवस्था
- नीम खली/कोकोपिट/जीवामृत उत्पादन की व्यवस्था
- मिस्ट चैंबर, ग्रीन हाउस, ग्रीन शेड, पॉलीहाउस
- ईको–पर्यटन का विकास
- रोपणी से सम्बंधित विषयों पर शोध
- टिश्यू कल्चर द्वारा पौधा तैयारी
- बीज स्त्रोंतो की पहचान
- कौशल उन्नयन
- मॉनीटरिंग
- आम लोगों की ऑनलाइन माध्यम व्यवस्था द्वारा रोपणी तक पहुँच
- प्रचार–प्रसार
- रोपणियों का बहु आयामी स्वरूप
- रोपणी पर्यटन, ज्ञान, शिक्षा एवं मनोरंजन केन्द्र

## रोपणी श्रेणीकरण एवं मान्यता प्रक्रिया -

1. श्रेणीकरण एवं मान्यता कार्य हेतु प्रथम चरण में उत्पाद मानकों तथा प्रक्रिया मानकों का निर्धारण किया गया।
2. द्वितीय चरण में आन्तरिक मूल्यांकन अनुसंधान एवं विस्तार वृत्त स्तर पर किया गया।

3. तृतीय चरण में SFRI द्वारा मूल्यांकन किया जा रहा है।
4. चतुर्थ चरण में रोपणियों एवं उत्पाद हेतु श्रेणीकरण तथा मान्यता पर प्रकाशन किया जावेगा।
5. उक्त प्रकाशन पर सम्बंधित अनुसंधान एवं विस्तार से अभिमत लिया जाकर अंतिम रूप से श्रेणीकरण एवं मान्यता का प्रकाशन किया जावेगा।
6. रोपणियों के श्रेणीकरण एवं मान्यता के दृष्टिकोण से निम्न 9 बिंदुओं का चयन किया गया, जिस आधार पर श्रेणीकरण एवं मान्यता हेतु कार्यवाही की गयी।

## चयनित गतिविधि

1. बीज स्रोत



*बांस बीज संग्रहण क्षेत्र*



*बीज उत्पादन क्षेत्र सागौन, देवास इंदौर वृत्त*

2. पौधों की विविधता





3. अधोसंरचना



*स्प्रिंकलर*



*ग्रीननेट*



उज्जैन नाका



मिस्ट चैम्बर

4. जैविक खाद उत्पादन



वर्मी कम्पोस्ट



वर्मी वॉश

5. अधोसंरचना



रोपणी में योग शिविर



हेल्थ कैम्प बड़गोंदा



गौशाला बड़गोंदा रोपणी



जल संचयन क्षेत्र देवास


सी.सी. टीवी कैमरों से अनुश्रवण


टिश्यूकल्चर तकनीक द्वारा सागौन पौधा

6. कौशल क्षमता एवं ज्ञान का प्रदर्शन


वर्मी कम्पोस्ट प्रशिक्षण, भोपाल वृत्त


रोपणियों में महिलाओं की भागीदारी

7. प्रचार प्रसार – पौधा विक्रय





8. व्यवसायिक सेवा


पेयजल सुविधा रीवा वृत्त


आगंतुक कक्ष भोपाल वृत्त

9. अभिलेख संधारण

सभी चयनित गतिविधियों हेतु विषय वस्तु से जुड़े बिन्दुओं का समूह तैयार किया जिनका विवरण निम्नानुसार है–

| क्रमांक | चयनित गतिविधि | निर्धारित बिन्दु परिशिष्ट ''क'' अनुसार | निर्धारित अंक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पौधों की गुणवत्ता | 4,12,13,23 | 32 | 32 |
| 2 | पौध विविधता | 21,22 | 12 | 12 |
| 3 | अधोसंरचना, उपयोग एवं संधारण | 5,6,7,9,10,11 | 17 | 17 |
| 4 | जैविक खाद उत्पादन एवं उपयोग | 8 | 5 | 5 |
| 5 | नवाचार | 20 | 5 | 5 |
| 6 | व्यावसायिक सेवा | 15,16,17,18 | 7 | 7 |
| 7 | कौशल क्षमता | 19 | 5 | 5 |
| 8 | अभिलेख | 14 | 7 | 7 |
| 9 | प्रदर्शन (निष्पादन) अर्थात् पौधा विक्रय | 3,2 | 10 | 10 |

## उत्तम बीज संग्रहण









# अनुसंधान एवं विस्तार वृत्त (रोपणी श्रेणीकरण एवं मान्यता हेतु मापदण्ड)

रोपणी की उत्पादन क्षमता ............... स्थान ............ क्षेत्रफल ...................... मूल्यांकन अवधि ...................

| क्र. | रोपणी का नाम | (1) रोपणी पहुँच मार्ग<br>(2) बोर्ड<br>(3) साफ–सफाई<br>(4) बेड अंकन<br>(5) योजनावार सेक्टर।<br>प्रति 1 अंक | पौध बिक्री | बीज स्त्रोत रजिस्टर संधारण | रोपणी अधोसंरचना | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | सिंचाई सुविधा | माइक्रो सिंचाई | जल संचयन उपाय | वर्मी कम्पोस्ट एवं अन्य जैविक खाद | | मिस्ट चैम्बर पॉलीहाउस, ग्रीन नेट | | बीज एवं उपकरण भंडार | सोलर पैनल |
| | | | | | | | | उत्पादन 3 अंक | उपयोग 2 अंक | उपलब्धता 2 अंक | उपयोग 3 अंक | | |
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | | 9 | | 10 | 11 |
| अंक | | 5 | 5 | 15 | 2 | 5 | 2 | 5 | | 5 | | 2 | 1 |
| प्राप्त अंक | | | | | | | | | | | | | |

| रोपणी मैन्युअल | | | रोपणी मूलभूत सुविधा | | | | कर्मचारी दक्षता एवं प्रशिक्षण | | नवाचार एवं शोध (3+2) अंक | संकटापन्न प्रजातियों की विविधता एवं संख्या | बड़ प्रजाति न्यूनतम 1000 पौधे | ग्राफिटेड प्रजाति न्यूनतम 500 पौधे | कुल प्राप्त अंक | श्रेणीकरण | मान्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पौध तैयारी हेतु समय प्रवाह चार्ट का पालन | पौध संवर्धन व्यवहार का पालन | रोपणी अभिलेख संधारण | पेय जल | प्रसाधन | विश्राम स्थल | आगन्तुक कक्ष | प्रशिक्षण 2 अंक | कार्य कुशलता 3 अंक | | | | | | | |
| 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 |
| 5 | 10 | 7 | 2 | 2 | 1 | 2 | 5 | | 5 | 10 | 2 | 2 | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | | |

नोट :
1. बिन्दु क्रमांक 4, 6, 7, 8, 13, 14, 20 में निर्धारित अंक का कम से कम 50 प्रतिशत प्राप्त होना अनिवार्य होगा।
2. बिन्दु क्रमांक 19: रोपणी प्रभारी द्वारा न्यूनतम 3 प्रशिक्षण वर्ष में प्राप्त करना एवं कर्मचारी, पौध तैयारी कार्य में दक्षता प्रदर्शन से सम्बंधित है।
3. बिन्दु 3 पर देय अंक मु.व.सं. द्वारा दिये गये लक्ष्य के अनुरूप होगा।
4. बिन्दु 5 पर अंक सिंचाई सुविधानुसार पौध तैयारी के आधार पर अंक दिया जाये
5. निर्मित अधोसंरचना के क्रियाशील होने की स्थिति में ही अंक दिया जावे।
6. अधोसंरचनाओं के रख–रखाव के आधार पर अंक दिया जावे।
7. सभी अभिलेख संधारित होने पर निम्नानुसार अंक दिये जावे।
8. बिन्दु 10 का आंकलन मु.व.सं. द्वारा दिये गये लक्ष्य साथ ही स्व–प्रेरणा से बीज एकत्रीकरण एवं पौध तैयारी के आधार पर देय।
9. बिन्दु 20 पर अंक स्व–प्रेरणा से किये गये कार्य पर आधारित होगा।

| | |
|---|---|
| रोपणी एक्शन प्लान | 2 अंक |
| नर्सरी जनरल | 1 अंक |
| नर्सरी स्टॉक रजिस्टर | 3 अंक |
| नर्सरी स्टोर रजिस्टर | 1 अंक |

**रोपणी श्रेणीकरण एवं मान्यता**

| श्रेणी | प्राप्त अंक | स्टार (मान्यता) |
|---|---|---|
| उत्कृष्ट | 91–100 | 5 |
| बहुत अच्छा | 71–90 | 4 |
| अच्छा | 51–70 | 3 |
| सन्तोषजनक | 31–50 | 2 |
| सामान्य | 30 से कम | 1 |

हस्ताक्षर
मुख्य वन संरक्षक
अनुसंधान एवं विस्तार वृत्त

## परिणाम

प्रदेश में प्रत्येक अनुसंधान एवं विस्तार वृत्त द्वारा स्थानीय स्तर पर एक दल का गठन कर श्रेणीकरण एवं मान्यता विषय पर परीक्षण कराया गया। परीक्षण अनुसार प्रदेश स्तर पर परिणाम निम्नानुसार है –

### रोपणी श्रेणीकरण एवं मान्यता वर्ष 2019-2020

| क्र. | अ.वि. वृत्त का नाम | रोपणी की संख्या | श्रेणीकरण एवं मान्यता | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | उत्कृष्ट | (स्टॉर) मान्यता | बहुत अच्छा | (स्टॉर) मान्यता | अच्छा | (स्टॉर) मान्यता | संतोषजनक | (स्टॉर) मान्यता | सामान्य | (स्टॉर) मान्यता |
| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | 6 | | 7 | | 8 | |
| 1 | बैतूल | 10 | 0 | 0 | 1 | 4 | 8 | 3 | 1 | 2 | 0 | 0 |
| 2 | भोपाल | 17 | 1 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 | 4 | 2 | 2 | 1 |
| 3 | ग्वालियर | 12 | 0 | 0 | 3 | 4 | 7 | 3 | 2 | 2 | 0 | 0 |
| 4 | इन्दौर | 10 | 3 | 5 | 3 | 4 | 3 | 3 | 1 | 2 | 0 | 0 |
| 5 | जबलपुर | 6 | 2 | 5 | 4 | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 6 | झाबुआ | 12 | 0 | 0 | 2 | 4 | 6 | 3 | 4 | 2 | 0 | 0 |
| 7 | खण्डवा | 22 | 0 | 0 | 3 | 4 | 11 | 3 | 8 | 2 | 0 | 0 |
| 8 | रतलाम | 11 | 1 | 5 | 0 | 4 | 4 | 3 | 6 | 2 | 0 | 0 |
| 9 | रीवा | 21 | 2 | 5 | 2 | 4 | 17 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 10 | सागर | 19 | 0 | 0 | 15 | 4 | 4 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 11 | सिवनी | 31 | 0 | 0 | 13 | 4 | 18 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | **योग** | **171** | **9** | **5** | **48** | **4** | **86** | **3** | **26** | **2** | **2** | **1** |


नवाचार

प्रदेश में पहली बार सुविधा के आधार पर वन विभाग की नर्सरियों की रैंकिंग

इंदौर की मालवा डेमो सहित नौ नर्सरी को मिली फाइव स्टार रैंकिंग


प्रदेश की उत्कृष्ट नर्सरी में भोपाल तीसरे नंबर पर

| रोपणी श्रेणीकरण– उत्कृष्ट रोपणी | | | वर्ष 2019–2020 |
|---|---|---|---|
| **क्रमांक** | **अ.वि. वृत्त का नाम** | **उत्कृष्ट रोपणी का नाम** | **मान्यता(स्टॉर)** |
| 1 | भोपाल | 1. अहमदपुर | 5 |
| 2 | इन्दौर | 1. मालवाडेमों | 5 |
| | | 2. बडगोंदा | 5 |
| | | 3. चन्द्रकेशर | 5 |
| 3 | जबलपुर | 1. शहरी रोपणी | 5 |
| | | 2. परियट | 5 |
| 4 | रतलाम | 1. क्षिप्राविहार | 5 |
| 5 | रीवा | 1. रीवा | 5 |
| | | 2. समधिन | 5 |
| | कुल | 9 रोपणी | 5 |

## उत्कृष्ट रोपणी



*अहमदपुर रोपणी अ.वि. वृत्त भोपाल*



*बड़गोंदा रोपणी अ.वि. वृत्त इन्दौर*



*जयंतीकुंज रोपणी अ.वि. वृत्त रीवा*



*मालवाडेमो रोपणी अ.वि. वृत्त इन्दौर*

| रोपणी श्रेणीकरण–बहुत अच्छी रोपणी | | | | वर्ष 2019–2020 |
|---|---|---|---|---|
| **क्रमांक** | **अ.वि. वृत्त का नाम** | **रोपणी का नाम** | **रोपणी संख्या** | **मान्यता (स्टार)** |
| 1 | बैतूल | खाकरापुरा, बागदेव | 2 | 4 |
| 2 | भोपाल | बांसापुर, अमरावद | 2 | 4 |
| 3. | ग्वालियर | केन्ट, अंगूरी बैराज, भूता | 4 | 4 |
| 4. | इन्दौर | पारस, बरोठा | 2 | 4 |
| 5. | जबलपुर | कटरा, अमेरा, सरसवाही, दरौली | 4 | 4 |
| 6. | झाबुआ | मोजीपाडा, अनास | 2 | 4 |
| 7. | खण्डवा | निमाड, नेपानगर, बोरगांव | 3 | 4 |
| 8. | रीवा | मुकुन्दपुर | 1 | 4 |
| 9. | सागर | चकरा, पाण्डाझिर, अमानगंज, अण्डेला, अमरमऊ, आमा, नोहटा, बहरोल, देवरा, विश्रामगंज, गंज, कुण्डेश्वर, सांगा, पिपरौट, सिरोंजा | 15 | 4 |
| 10. | सिवनी | बाम्हनदेही–1, दुधिया, जेतपुर, बाम्हनदेही–2, बंजारी, बकौरी, आमगांव, यामनगर, परमहंसी, नान्हीकन्हार, पोआमा –2, बैनगंगा, पोआमा–1 | 13 | 4 |
| रोपणी योग – | | | 48 | 4 |

| कुल रोपणियाँ | 5 स्टार रैकिंग रोपणियाँ | 4 स्टार रैकिंग रोपणियाँ | 3 स्टार रैकिंग रोपणियाँ | 2 स्टार रैकिंग रोपणियाँ | सामान्य रोपणियाँ |
|---|---|---|---|---|---|
| 171 | 9 | 48 | 86 | 26 | 2 |

***नोट:*** *उत्कृष्ट एवं बहुत अच्छी रोपणी का थर्ड पार्टी के रूप में राज्य वन अनुसंधान संस्थान जबलपुर द्वारा पुनः परीक्षण कराया जा रहा है।*

**सारांश**

रोपणी श्रेणीकरण एवं मान्यता व्यवस्था द्वारा अच्छी गुणवत्ता के ज्ञात स्रोत से संग्रहीत बीज एवं मानक प्रक्रिया का पालन करते हुये मानक पौधा विभागीय रोपण कार्यक्रम के साथ निजी क्षेत्र एवं संस्थाओं को उपलब्ध कराये जा सकेंगे जिसके परिणामस्वरूप पौधों के जीवितता प्रतिशत एवं इच्छित उत्पाद लक्ष्य अनुरूप प्राप्त किए जा सकेंगे। साथ ही एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, जवाबदेही, संसाधनों का बेहतर एवं तार्किक ढंग से उपयोग किया जा सकेगा।

## Annual work performance - grading of Research & Extention Circle
## Year 2019-2020

| S.No. | Activity | Assigned Mark | Indore | Jhabua | Bhopal | Ratlam | Khandwa | Jabalpur | Sagar | Gwalior | Rewa | Betul | Seoni |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Known seed source | 2.00 | 1.25 | 1.00 | 1.00 | 1.25 | 1.00 | 1.50 | 0.75 | 0.75 | 1.00 | 0.75 | 1.00 |
| 2 | RET spp | 1.00 | 1.00 | 0.75 | 0.75 | 0.75 | 0.75 | 1.00 | 0.75 | 0.75 | 0.75 | 0.50 | 0.75 |
| 3 | Ficus & Medicinal Plant | 0.50 | 0.50 | 0.25 | 0.25 | 0.50 | 0.50 | 0.50 | 0.50 | 0.25 | 0.50 | 0.50 | 0.25 |
| 4 | Extension | 1.00 | 1.00 | 0.50 | 1.00 | 0.75 | 0.50 | 0.75 | 0.50 | 0.50 | 0.50 | 0.50 | 0.50 |
| 5 | Infrastructure Maintenance | 1.00 | 1.00 | 0.50 | 0.75 | 0.75 | 0.50 | 1.00 | 0.50 | 0.50 | 0.50 | 0.75 | 0.50 |
| 6 | Research & Initiative | 1.00 | 1.00 | 0.25 | 0.50 | 0.75 | 0.50 | 0.75 | 0.50 | 0.50 | 0.50 | 0.50 | 0.25 |
| 7 | Revenue | 1.00 | 1.00 | 0.25 | 1.00 | 0.50 | 0.73 | 0.75 | 0.25 | 0.50 | 1.00 | 0.25 | 0.50 |
| 8 | Training | 1.00 | 1.00 | 0.50 | 1.00 | 0.75 | 0.50 | 1.00 | 0.50 | 0.50 | 0.75 | 0.50 | 0.50 |
| 9 | Reporting | 0.50 | 0.50 | 0.50 | 0.50 | 0.50 | 0.50 | 0.50 | 0.25 | 0.50 | 0.25 | 0.25 | 0.25 |
| 10 | Organic Fertiliser use & Production | 1.00 | 1.00 | 0.75 | 0.75 | 1.00 | 0.50 | 0.75 | 0.75 | 0.50 | 0.75 | 0.75 | 0.75 |
| | **Total** | **10.00** | **9.25** | **5.25** | **7.50** | **7.50** | **6.00** | **8.50** | **5.25** | **5.25** | **6.50** | **5.25** | **5.25** |

| S.No. | RE Circle | Grading | Performance |
|---|---|---|---|
| 1 | Indore | 1 | Excellent |
| 2 | Jabalpur | 2 | |
| 3 | Bhopal + Ratlam | 3 | |
| 4 | Rewa | 4 | Very Good |
| 5 | Khandwa | 5 | |
| 6 | Jhabua + Sagar + Gwalior + Seoni + Betul | 6 | Good |

(P. C. Dubey)
APCCF (RE)
Bhopal, M.P.

All CCF RE, ACF - Can respond it any Correction needed with sufficient data

# ग्राम वन समिति, मनेरी, मंडला

**चितरंजन त्यागी, APCCF, संयुक्त वन प्रबंध**



पश्चिम मंडला वनमंडल के निवास परिक्षेत्र के जबलपुर से निवास रोड पर मनेरी औद्योगिक क्षेत्र के समीप स्थित, ग्राम मनेरी में ग्राम वन समिति का गठन वर्ष 995-96 में किया गया था। समिति को वन कक्ष क्रमांक आर.एफ. 642, क्षेत्रफल 186.92 हेक्टेयर आवंटित किया गया था। बाद में एक नारंगी क्षेत्र का कक्ष क्रमांक 814, क्षेत्रफल 6.7 हेक्टेयर भी समिति के क्षेत्र में शामिल किया गया। समिति के बुजुर्ग सदस्यों के अनुसार समिति को आवंटित संपूर्ण वन क्षेत्र पूर्णतया वृक्ष विहीन था। क्षेत्र में स्थित गोराम बाबा मठ के पुजारी बताते हैं कि उन्होंने बचपन से देखा था कि यह पहाड़ी पूरी तरह से वृक्ष विहीन थी। उनका जन्म लगभग 54 वर्ष पूर्व हुआ था, तब उनके पिता मठ के पुजारी थे। जलाऊ लकड़ी संग्रहण के दबाव के कारण प्रारंभिक वर्षों में वनों की सुरक्षा में अपेक्षित सफलता नहीं मिल सकी। वर्ष 1998 में पश्चिम मंडला वनमंडल के परिक्षेत्रों का भी पुनर्गठन किया गया, जिसके तहत वन समिति मनेरी का वन क्षेत्र बीजाडांडी परिक्षेत्र में शामिल कर दिया गया था। वन प्रबंधन में सक्रिय, तत्कालीन सरपंच श्री गरीबा मार्को बताते हैं कि काफी संघर्ष के पश्चात् वनमंडल स्तर से पुनः समिति के वन क्षेत्र को निवास परिक्षेत्र में शामिल कराया गया। इससे समिति को संगठित होने का अवसर मिला।

कार्य आयोजना के अनुसार क्षेत्र का उपचार वित्तीय वर्ष 2003-04, 2004-05 एवं 2005-06 में बिगड़े वनों के सुधार के अंतर्गत किया गया था। वर्ष 2009 में श्रीमती कल्लूबाई मार्को को ग्राम वन समिति मनेरी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। कल्लूबाई के नेतृत्व में गांव में सभी परिवारों को शामिल करके गश्ती दलों का गठन किया गया। प्रतिदिन दो गश्ती दल क्षेत्रों में घूमने के लिए जाने लगे।



*बाएँ से श्रीमती कल्लूबाई शिवानी एवं मार्को*

प्रारम्भिक दो वर्ष तक समिति को काफी संघर्ष करना पड़ा। कड़ी मेहनत करने के पश्चात् आसपास के क्षेत्र में सभी को यह मालूम चल गया कि इस क्षेत्र में वृक्ष काटना संभव नहीं है। इस दौरान, अध्यक्ष कल्लूबाई एवं साथियों द्वारा सागौन की लकड़ी को जप्त कराने पर उनके विरुद्ध रुपये तथा जेवर आदि चोरी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। उप वनमंडल अधिकारी, निवास एवं परिक्षेत्र अधिकारी निवास द्वारा पुलिस थाने में जाकर वस्तुस्थिति से अवगत कराने पर प्रकरण समाप्त हुआ। इसी तरह अनेकों बार निहित स्वार्थ वाले लोगों ने समिति के लोगों को आतंकित

कारने के लिए पुलिस को शिकायत की गयी, किंतु धीरे–धीरे पुलिस विभाग ने भी यह समझ लिया कि चोरी रोकने के कारण स्वार्थी लोग समिति के सदस्यों के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज कराने की कोशिश करते हैं।

अब पिछले कई वर्षों से पुलिस का भी सक्रिय सहयोग प्राप्त हो रहा है, जिसकी वजह से समिति का वन क्षेत्र पूरी तरह से सुरक्षित है। वन क्षेत्र की रक्षा करने के दौरान ज्यादा संघर्ष से गुजरने वाली समितियों में वन क्षेत्र के प्रति एक विशेष लगाव पैदा हो जाता है, इससे प्रबंधन को अधिक स्थायित्व मिलता है। वर्ष 2004 एवं 2020 में लिए गए गूगल–अर्थ से लिए गए उपग्रह के चित्रों  की तुलना करने पर वन क्षेत्र में हुए सुधार का स्पष्ट साक्ष्य मिलता है।



*उपग्रह चित्र मनेरी (गूगल–अर्थ) दिसम्बर 2004 –केवल पहाड़ी के ऊपरी क्षेत्र में कुछ वृक्ष है, शेष क्षेत्र रिक्त है या केवल लेंटाना की झाड़ियों से आच्छादित है।*



*उपग्रह चित्र मनेरी (गूगल–अर्थ) जनवरी 2020–उपग्रह चित्र में स्पष्ट नजर आ रहा है कि सम्पूर्ण क्षेत्र में सघन वन स्थापित हो चुका है।*

कार्य आयोजना बनाने के दौरान किया जाना वाला संनिधि मानचित्रण वन क्षेत्र में आए परिवर्तन का एक बहुत अच्छा साक्ष्य है, जो प्रत्येक दस वर्ष में स्वतंत्र इकाई द्वारा किया जाता है। मनेरी समिति को आवंटित वन क्षेत्र का विगत् एवं वर्तमान कार्य योजना में किये गए वन संनिधि मानचित्र का तुलनात्मक अध्ययन करने वन संनिधि में बहुत अच्छा सुधार परिलक्षित हुआ है।




पश्चिम मंडला वनमंडल की विगत कार्य आयोजना (2005–15) श्री अजीत श्रीवास्तव द्वारा तैयार की गयी थी। कक्ष क्रमांक 642 को बिगड़े वनों के सुधार कार्यवृत्त में शामिल था। तैयार किए गए नक्शे से स्पष्ट है कि क्षेत्र पूरी तरह से आवरण विहीन था।




पश्चिम मंडला वनमंडल की वर्तमान कार्य आयोजना (2016–26) श्रीमती कमलिका मोहंता द्वारा तैयार की गयी है। नक्शे में कक्ष क्रमांक 642 के संपूर्ण क्षेत्र को पूरी तरह वन आवरण से आच्छादित दर्शाया गया है तथा सुधार कार्यवृत्त में शामिल किया गया है।



ग्राम वन समिति के अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों से विस्तार पूर्वक उनकी अपेक्षाओं के संबंध में चर्चा की गई सभी ग्रामवासियों का मत है कि संयुक्त वन प्रबंधन के संकल्प के अनुसार विरलन से प्राप्त होने वाली समस्त वनोपज ग्राम वन समिति को प्रदान की जानी चाहिए ताकि निस्तार की आवश्यकताएं पूरी हो सके। इससे ना केवल इस समिति को बल्कि आसपास की सभी समितियों को भविष्य में भी वन क्षेत्र को उत्कृष्ट स्थिति में प्रबंधित करने की प्रेरणा मिलेगी। वनों के सुधार कार्यवृत्त के अंतर्गत लगभग 15 वर्ष पूर्व किए गए कार्यों एवं ग्राम वन समिति द्वारा उपलब्ध कराई गई सुरक्षा के कारण तराशे गए ठूठों पर एक से अधिक कॉपिस बड़े होकर गेड़ा (20 सेंटीमीटर से कम गोलाई की बल्ली) या बल्ली का रूप ले चुके हैं। रोपित पौधे भी वृक्ष बन चुके है। कृषि आधारित ग्रामीण समुदाय में विभिन्न कृषि कार्यों के लिए बड़ी मात्रा में 20 सेंटीमीटर से कम गोलाई के गेड़ा या डांडी की आवश्यकता पड़ती है। वैधानिक रूप से विदोहन की व्यवस्था ना होने के कारण बड़ी तादाद में युवा वृक्षों का विदोहन करके निस्तार की पूर्ति की जाती है, जिस से आने वाली सदस्य पर अत्यधिक विपरीत प्रभाव पड़ता है। अनियमित विदोहन को रोककर ग्राम वन समिति मनेरी ने पूर्णतया वन विहीन क्षेत्र को सघन वन क्षेत्र के रूप में स्थापित कर दिया है। इसके अलावा सामाजिक संगठन का गाँव के अन्य संसाधनों के प्रबंधन पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। अच्छे वन आवरण से सिंचाई के तालाब के जलग्रहण क्षेत्र का आदर्श उपचार हो गया है तथा कृषि में भी सुधार हुआ है।

## मनेरी वन समिति की सफलता से उभरने वाली महत्वपूर्ण सीखें निम्नानुसार हैं

1. ग्रामीण समुदाय उनकी आजीविका से जुड़े हुए संसाधनों के महत्व को बहुत अच्छी तरह से समझता है तथा आवश्यकता पड़ने पर बेहतर भविष्य के लिए वर्तमान के सीमित लाभ को छोड़कर बेहतर प्रबंधन के रास्ते को चुनने की क्षमता रखता है।
2. महिला अध्यक्ष नियुक्त होने पर समिति ने ज्यादा सक्रियता का प्रदर्शन किया। भविष्य के प्रति महिलाओं द्वारा ज्यादा बेहतर दृष्टिकोण का प्रदर्शन किया गया। अत: समितियों में महिला नेतृत्व को अवसर देने से बेहतर परिणाम लाए जा सकते हैं
3. तत्समय पदस्थ वनरक्षक द्वारा स्थानीय नेतृत्व को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की जो संयुक्त वन प्रबंधन की सफलता में एक अत्यंत महत्वपूर्ण कारक है। यह सिद्ध करता है कि यदि स्थानीय समुदाय को उचित नेतृत्व एवं मार्गदर्शन मिले तो वनों का उत्कृष्ट प्रबंधन स्थापित किया जा सकता है।
4. वन प्रबंधन के लिए विकसित सामाजिक संगठन अन्य संसाधनों जैसे जल, भूमि के बेहतर प्रबंधन का माध्यम बन सकता है।



# Success Story of Barasingha Conservation at Kanha

**L. Krishnamoorthy, IFS, Field Director, Kanha Tiger Reserve**

One of the most professionally managed tiger reserves, Kanha is an excellent wildlife protected areain the country. It is a typical geo-physiographical representative of the central Indian highlands, animportant geographical region of our country, as far as the occurrence and distribution of floral and faunalspecies are concerned. This is also regarded as a very important centre of biodiversity conservation, and supports some endangered faunal species.



forest divisions are known as the northern and north-eastern races, respectively.

Until several decades ago, the hard ground barasingha had a wide distribution, even outside Madhya Pradesh. In and around the present Kanha Tiger Reserve, there was a very satisfactory distribution, and the animal had safe and unhindered access to most of its habitats for foraging, breeding and parturition. Consequently, the large population of this deer,



with good recruitments every year, could survive the onslaught of poaching and habitat loss due to encroachment for agriculture and altered land use patterns. It has been recorded that a census of this deer population was conducted in and around the present Kanha National Park in 1938, and there were 3,023 animals. The deer population, however, did not remain safe for long, and a large number of barasingha used to be killed by the local communities when large herds formed during the rut on grassy plains. Besides, wildlife habitats were subjected to illicit felling, encroachment, cattle grazing and fire. While some good steps were taken, they were too late to be effective, and poaching continued unabated, recording a gradual decline in barasingha population from 3,023 in 1938 to a barely conservable 66 in 1970. This small population was restricted only to the central meadows of the Kanha National Park. The subspecies was now on the brink of extinction.

